# ***संस्कृति मंत्रालय***

## मांग संख्या 19

### संस्कृति मंत्रालय

क. वसूलियॉ को घटाने के बाद बजट आबंटन इस प्रकार है:

*(करोड़ रुपए)*

| | | वास्तविक 2012-2013 | | | बजट 2013-2014 | | | संशोधित 2013-2014 | | | बजट 2014-2015 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मुख्य शीर्ष | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
| | राजस्व | 775.00 | 584.69 | 1359.69 | 1396.00 | 627.00 | 2023.00 | 1434.00 | 624.80 | 2058.80 | 1465.00 | 676.00 | 2141.00 |
| | ***पूंजी*** | ***27.94*** | ... | *27.94* | *39.00* | ... | *39.00* | *36.00* | ... | *36.00* | *70.00* | ... | *70.00* |
| | **जोड़** | **802.94** | **584.69** | **1387.63** | **1435.00** | **627.00** | **2062.00** | **1470.00** | **624.80** | **2094.80** | **1535.00** | **676.00** | **2211.00** |
| 1. सचिवालय-सामाजिक सेवाएं | 2251 | 2.87 | 21.99 | 24.86 | 4.66 | 24.85 | 29.51 | 3.80 | 25.47 | 29.27 | 6.65 | 27.70 | 34.35 |
| **कला और संस्कृति** | | | | | | | | | | | | | |
| **कला और संस्कृति का संवर्धन** | | | | | | | | | | | | | |
| 2. क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र | 2205 | 21.59 | ... | 21.59 | 39.50 | ... | 39.50 | 39.90 | ... | 39.90 | 40.00 | ... | 40.00 |
| 3. संगीत नाटक अकादमी | 2205 | 20.48 | 8.83 | 29.31 | 13.00 | 9.85 | 22.85 | 13.64 | 9.83 | 23.47 | 16.00 | 10.88 | 26.88 |
| 4. ललित कला अकादमी | 2205 | 7.65 | 8.85 | 16.50 | 8.00 | 9.60 | 17.60 | 10.65 | 9.60 | 20.25 | 9.75 | 10.55 | 20.30 |
| 5. साहित्य अकादमी | 2205 | 14.50 | 8.66 | 23.16 | 13.00 | 8.10 | 21.10 | 14.30 | 8.66 | 22.96 | 13.00 | 8.78 | 21.78 |
| 6. भारत महोत्सव | 2205 | ... | ... | ... | ... | 2.00 | 2.00 | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 7. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र | 2205 | 28.63 | ... | 28.63 | 31.63 | ... | 31.63 | 56.50 | ... | 56.50 | 31.55 | ... | 31.55 |
| 8. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय | 2205 | 27.00 | 8.32 | 35.32 | 16.25 | 9.03 | 25.28 | 19.00 | 10.11 | 29.11 | 29.50 | 10.15 | 39.65 |
| 9. राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा | 2205 | 10.91 | 4.63 | 15.54 | 14.00 | 5.18 | 19.18 | 13.00 | 4.90 | 17.90 | 17.00 | 5.35 | 22.35 |
| 10. एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता | 2205 | 4.20 | 7.61 | 11.81 | 7.55 | 9.67 | 17.22 | 4.20 | 9.67 | 13.87 | 9.50 | 10.80 | 20.30 |
| 11. सांस्कृतिक संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र | 2205 | 16.49 | 3.77 | 20.26 | 16.00 | 4.21 | 20.21 | 17.00 | 3.86 | 20.86 | 22.00 | 4.33 | 26.33 |
| 12. कला और संस्कृति के संवर्धन के लिए वित्तीय सहायता | 2205 | 45.07 | 0.13 | 45.20 | 65.30 | 4.30 | 69.60 | 65.10 | 3.87 | 68.97 | 62.50 | 3.75 | 66.25 |
| 13. गांधी शांति पुरस्कार | 2205 | ... | 0.04 | 0.04 | ... | 1.55 | 1.55 | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 14. राष्ट्रीय संस्कृति कोष | 2205 | ... | ... | ... | 0.01 | ... | 0.01 | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| *15. शताब्दी /वर्षगांठ समारोह* | | | | | | | | | | | | | |
| 15.01 लाल बहादुर शास्त्री का जन्म शताब्दी समारोह | 2205 | 0.15 | ... | 0.15 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 15.02 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम , 1857 की 150वीं वर्षगांठ समारोह | 2205 | 1.00 | 0.15 | 1.15 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 15.03 महात्मा बुद्ध के महापरिनिर्वाण का 2550वीं वर्षगांठ समारोह | 2205 | ... | 0.01 | 0.01 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 15.04 खालसा विरासत परियोजना हेतु वित्तीय सहायता | 2205 | 4.87 | ... | 4.87 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |

(करोड़ रुपए)

| | मुख्य शीर्ष | वास्तविक 2012-2013 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | बजट 2013-2014 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | संशोधित 2013-2014 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | बजट 2014-2015 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15.05 शताब्दी और वर्षगांठ समारोह संबंधी योजना | 2205 | 55.77 | 1.73 | 57.50 | 88.00 | 2.31 | 90.31 | 94.00 | 2.07 | 96.07 | 86.00 | 1.93 | 87.93 |
| | 3601 | 0.08 | ... | 0.08 | 2.00 | ... | 2.00 | 4.00 | ... | 4.00 | 4.00 | ... | 4.00 |
| | *जोड़* | *55.85* | *1.73* | *57.58* | *90.00* | *2.31* | *92.31* | *98.00* | *2.07* | *100.07* | *90.00* | *1.93* | *91.93* |
| *जोड़- शताब्दी /वर्षगांठ समारोह* | | *61.87* | *1.89* | *63.76* | *90.00* | *2.31* | *92.31* | *98.00* | *2.07* | *100.07* | *90.00* | *1.93* | *91.93* |
| 16. अंतर राष्ट्रीय संस्कृति कार्यकलाप तथा भारतीय मैत्री समाज को अनुदान | 2205 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 4.00 | ... | 4.00 | 5.00 | ... | 5.00 |
| 17. अंमूर्त सांस्कृतिक विरासत संबंधी योजना | 2205 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 1.00 | ... | 1.00 | 4.00 | ... | 4.00 |
| 18. सांसकृतिक सदभावना के लिए टैगोर पुरस्कार | 2205 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 1.35 | 1.35 | ... | 1.50 | 1.50 |
| 19. बौद्ध तिब्बती संस्थाओं आदि के विकास हेतु वित्तीय संहायता | 2205 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 3.50 | ... | 3.50 | 4.00 | ... | 4.00 |
| 20. दांडी समबद्ध परियोजनाओं समेत राष्ट्रीय गांधी विरासत स्थल मिशन | 2205 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 15.00 | ... | 15.00 | 43.00 | ... | 43.00 |
| | 3601 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 20.00 | ... | 20.00 |
| | *जोड़* | ... | ... | ... | ... | ... | ... | *15.00* | ... | *15.00* | *63.00* | ... | *63.00* |
| 21. कलाकार पेशन स्कीम | 2205 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 16.50 | 2.12 | 18.62 | 17.00 | 2.00 | 19.00 |
| 22. फेलोशिय स्कीम | 2205 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 8.71 | 2.13 | 10.84 | 12.50 | 2.00 | 14.50 |
| 23. अन्य | 2205 | 90.96 | 39.80 | 130.76 | 142.35 | 42.52 | 184.87 | 70.32 | 41.43 | 111.75 | 98.04 | 45.15 | 143.19 |
| | 3601 | ... | ... | ... | 1.01 | ... | 1.01 | 1.01 | ... | 1.01 | 17.01 | ... | 17.01 |
| | *जोड़* | *90.96* | *39.80* | *130.76* | *143.36* | *42.52* | *185.88* | *71.33* | *41.43* | *112.76* | *115.05* | *45.15* | *160.20* |
| **जोड़-कला और संस्कृति का संवर्धन** | | **349.35** | **92.53** | **441.88** | **457.60** | **108.32** | **565.92** | **471.33** | **109.60** | **580.93** | **561.35** | **117.17** | **678.52** |
| **पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय** | | | | | | | | | | | | | |
| *24. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण* | | | | | | | | | | | | | |
| 24.01 सामान्य घटक | 2205 | 200.20 | 288.70 | 488.90 | 242.00 | 311.00 | 553.00 | 206.00 | 308.18 | 514.18 | 267.00 | 332.08 | 599.08 |
| | 3601 | ... | 0.66 | 0.66 | 1.00 | 1.00 | 2.00 | 0.01 | 0.60 | 0.61 | 4.50 | 1.00 | 5.50 |
| | 3602 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 0.50 | ... | 0.50 |
| | *जोड़* | *200.20* | *289.36* | *489.56* | *243.00* | *312.00* | *555.00* | *206.01* | *308.78* | *514.79* | *272.00* | *333.08* | *605.08* |
| 24.02 ईएपी घटक | 2205 | 3.70 | ... | 3.70 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| *जोड़- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण* | | *203.90* | *289.36* | *493.26* | *243.00* | *312.00* | *555.00* | *206.01* | *308.78* | *514.79* | *272.00* | *333.08* | *605.08* |
| 25. भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार | 2205 | 6.22 | 23.24 | 29.46 | 8.95 | 19.18 | 28.13 | 5.95 | 17.68 | 23.63 | 10.00 | 19.00 | 29.00 |
| | 3601 | 0.85 | ... | 0.85 | 2.00 | ... | 2.00 | 2.00 | ... | 2.00 | 1.95 | ... | 1.95 |
| | 3602 | ... | ... | ... | 0.05 | ... | 0.05 | 0.05 | ... | 0.05 | 0.05 | ... | 0.05 |
| | *जोड़* | *7.07* | *23.24* | *30.31* | *11.00* | *19.18* | *30.18* | *8.00* | *17.68* | *25.68* | *12.00* | *19.00* | *31.00* |
| 26. राष्ट्रीय संग्रहालय | 2205 | 8.36 | 8.55 | 16.91 | 11.35 | 9.45 | 20.80 | 11.35 | 9.27 | 20.62 | 24.00 | 10.64 | 34.64 |
| 27. राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद | 2205 | 34.00 | 36.63 | 70.63 | 35.00 | 38.27 | 73.27 | 33.00 | 38.27 | 71.27 | 33.75 | 42.00 | 75.75 |
| 28. विज्ञान नगर | 2205 | 8.62 | ... | 8.62 | 11.55 | ... | 11.55 | 13.55 | ... | 13.55 | 50.00 | ... | 50.00 |

(करोड़ रुपए)

| | मुख्य शीर्ष | वास्तविक 2012-2013 | | | बजट 2013-2014 | | | संशोधित 2013-2014 | | | बजट 2014-2015 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
| 29. भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण | 2205 | 13.14 | 18.16 | 31.30 | 14.00 | 19.33 | 33.33 | 10.80 | 17.41 | 28.21 | 15.00 | 18.78 | 33.78 |
| 30. नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय, नई दिल्ली | 2205 | 7.90 | 11.82 | 19.72 | 156.00 | 12.30 | 168.30 | 175.00 | 12.83 | 187.83 | 0.01 | 12.70 | 12.71 |
| 31. भारतीय संग्रहालय, कोलकाता | 2205 | 7.50 | 9.35 | 16.85 | 107.88 | 7.65 | 115.53 | 106.00 | 7.60 | 113.60 | 64.00 | 8.44 | 72.44 |
| 32. सालार जंग संग्रहालय, हैदराबाद | 2205 | 9.00 | 12.75 | 21.75 | 9.50 | 10.50 | 20.00 | 8.50 | 12.78 | 21.28 | 13.50 | 11.05 | 24.55 |
| 33. इंदिरा राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल | 2205 | 11.64 | 3.59 | 15.23 | 11.45 | 3.91 | 15.36 | 11.45 | 3.80 | 15.25 | 12.50 | 4.45 | 16.95 |
| 34. बिक्टोरिया मेमोरियल हाल, कोलकाता | 2205 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 7.00 | 4.21 | 11.21 | 35.00 | 4.70 | 39.70 |
| 35. संग्राहालय स्कीम | 2205 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 25.75 | ... | 25.75 | 15.50 | ... | 15.50 |
| | 3601 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 12.00 | ... | 12.00 |
| | *जोड़* | ... | ... | ... | ... | ... | ... | *25.75* | ... | *25.75* | *27.50* | ... | *27.50* |
| 36. अन्य- संग्रहालय | 2205 | 39.85 | 11.91 | 51.76 | 55.15 | 11.19 | 66.34 | 115.24 | 7.39 | 122.63 | 41.53 | 9.66 | 51.19 |
| **जोड़-पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय** | | **350.98** | **425.36** | **776.34** | **665.88** | **443.78** | **1109.66** | **731.65** | **440.02** | **1171.67** | **600.79** | **474.50** | **1075.29** |
| **पुस्तकालय** | | | | | | | | | | | | | |
| 37. राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता | 2205 | 15.94 | 21.99 | 37.93 | 16.50 | 24.48 | 40.98 | 13.00 | 23.81 | 36.81 | 18.00 | 27.25 | 45.25 |
| 38. दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी | 2205 | 0.60 | 13.10 | 13.70 | 5.00 | 12.96 | 17.96 | 5.00 | 13.28 | 18.28 | 7.00 | 15.20 | 22.20 |
| 39. राम राम मोहन राय लाइब्रेरी | 2205 | 40.99 | 3.90 | 44.89 | 36.00 | 4.31 | 40.31 | 36.00 | 4.21 | 40.21 | 37.50 | 4.42 | 41.92 |
| 40. नेशनल मिशन आन लाइब्रेरीज, लीडिग टु फार्मेशन आफ ए कमीशन | 2205 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 9.00 | ... | 9.00 | 57.50 | ... | 57.50 |
| 41. अन्य पुस्तकालय | 2205 | 14.63 | 8.04 | 22.67 | 65.96 | 7.94 | 73.90 | 16.62 | 8.09 | 24.71 | 21.81 | 9.40 | 31.21 |
| | 3601 | 0.49 | 0.24 | 0.73 | 0.90 | 0.36 | 1.26 | 0.60 | 0.32 | 0.92 | 0.90 | 0.36 | 1.26 |
| | *जोड़* | *15.12* | *8.28* | *23.40* | *66.86* | *8.30* | *75.16* | *17.22* | *8.41* | *25.63* | *22.71* | *9.76* | *32.47* |
| **जोड़-पुस्तकालय** | | **72.65** | **47.27** | **119.92** | **124.36** | **50.05** | **174.41** | **80.22** | **49.71** | **129.93** | **142.71** | **56.63** | **199.34** |
| *42. पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा सिक्किम के लाभार्थ परियोजनाओं/योजनाओं हेतु प्रावधान* | | | | | | | | | | | | | |
| 42.01 कला और संस्कृति संवर्धन हेतु परियोजनाएं/योजनाएं | 2552 | ... | ... | ... | 56.00 | ... | 56.00 | 68.02 | ... | 68.02 | 66.00 | ... | 66.00 |
| 42.02 पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहणालय | 2552 | ... | ... | ... | 67.20 | ... | 67.20 | 56.48 | ... | 56.48 | 57.84 | ... | 57.84 |
| 42.03 पुस्तकालय | 2552 | ... | ... | ... | 4.35 | ... | 4.35 | 6.35 | ... | 6.35 | 18.60 | ... | 18.60 |
| 42.04 बौद्ध एवं तिब्बती अध्ययन | 2552 | ... | ... | ... | 14.70 | ... | 14.70 | 14.40 | ... | 14.40 | 9.45 | ... | 9.45 |
| 42.05 स्मारक, शताब्दी तथा अन्य | 2552 | ... | ... | ... | 1.25 | ... | 1.25 | 1.75 | ... | 1.75 | 1.61 | ... | 1.61 |
| *जोड़- पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा सिक्किम के लाभार्थ परियोजनाओं/योजनाओं हेतु प्रावधान* | | ... | ... | ... | *143.50* | ... | *143.50* | *147.00* | ... | *147.00* | *153.50* | ... | *153.50* |
| 43. संस्कृति मंत्रालय द्वारा संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों की परियोजनाओं का निर्माण | 4202 | 27.94 | ... | 27.94 | 39.00 | ... | 39.00 | 36.00 | ... | 36.00 | 70.00 | ... | 70.00 |
| **जोड़-कला और संस्कृति** | | **800.92** | **565.16** | **1366.08** | **1430.34** | **602.15** | **2032.49** | **1466.20** | **599.33** | **2065.53** | **1528.35** | **648.30** | **2176.65** |

(करोड़ रुपए)

| | मुख्य शीर्ष | वास्तविक 2012-2013 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | बजट 2013-2014 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | संशोधित 2013-2014 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | बजट 2014-2015 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 44. वास्तविक वसूलियां | 2205 | -0.85 | -2.46 | -3.31 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| *कुल जोड़* | | *802.94* | *584.69* | *1387.63* | *1435.00* | *627.00* | *2062.00* | *1470.00* | *624.80* | *2094.80* | *1535.00* | *676.00* | *2211.00* |

| | विकास शीर्ष | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **ग. योजना परिव्यय** | | | | | | | | | | | | | |
| 1. कला एवं संस्कृति | 22205 | 800.07 | ... | 800.07 | 1286.84 | ... | 1286.84 | 1319.20 | ... | 1319.20 | 1374.85 | ... | 1374.85 |
| 2. सचिवालय - सामाजिक सेवाएं | 22251 | 2.87 | ... | 2.87 | 4.66 | ... | 4.66 | 3.80 | ... | 3.80 | 6.65 | ... | 6.65 |
| 3. पूर्वोत्तर क्षेत्र | 22552 | ... | ... | ... | 143.50 | ... | 143.50 | 147.00 | ... | 147.00 | 153.50 | ... | 153.50 |
| **जोड़** | | **802.94** | **...** | **802.94** | **1435.00** | **...** | **1435.00** | **1470.00** | **...** | **1470.00** | **1535.00** | **...** | **1535.00** |

1. **सचिवालय सामाजिक सेवा:** मंत्रालय के सचिवालय के संबंध में वेतन एवं संबद्ध मदों पर होने वाले व्यय का प्रावधान इस शीर्ष के अंतर्गत है।

2. **क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र:** क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों की परिकल्पना सांस्कृतिक संबंधों, जो क्षेत्रीय सीमाओं से आगे फैल हुए हैं, के प्रसार के उद्देश्य से की गई है। इस अवधारणा का उद्देश्य स्थानीय संस्कृतियों के विषय में गहरी जागरूकता पैदा करना तथा उसे और बढ़ाना एवं साथ ही यह दर्शाना है कि ये किस तरह क्षेत्रीय पहचान में तथा अन्तत: भारत की सामासिक संस्कृति की समृद्ध विविधता में मिल जाती है। इन केन्द्रों ने पहले ही स्वयं को समग्र देश में संस्कृति के संवर्धन, परिरक्षण और प्रसार के क्षेत्र में एक प्रमुख एजेंसी के रूप में स्थापित कर लिया है।

3. **संगीत नाटक अकादमी:** संगीत नाटक अकादमी की स्थापना मंच कलाओं के संवर्धन के उद्देश्य से 1953 में की गई थी। यह अकादमी भारतीय संगीत, नृत्य और नाटक के संवर्धन एवं विकास; मंच कलाओं में प्रशिक्षण के मानकों के अनुरक्षण; संगीत, नृत्य और नाटक के विभिन्न रूपों से संबंधित सामग्रियों को पुनर्जीवित करने, उनके परिरक्षण, प्रलेखन तथा प्रसार और उत्कृष्ट कलाकारों को सम्मानित करने के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करती है।

4. **ललित कला अकादमी:** ललित कला अकादमी सृजनात्मक दृश्य कलाओं के क्षेत्र में कार्यकलापों के सम्पोषण तथा समन्वय और देश की सांस्कृतिक एकता का संवर्धन करने वाला एक राष्ट्रीय संगठन है।

5. **साहित्य अकादमी:** साहित्य अकादमी की स्थापना भारतीय साहित्य के विकास तथा सभी भारतीय भाषाओं में साहित्यि कार्यकलापों के सम्पोषण और समन्वय हेतु उच्च साहित्यिकक मानक निर्धारित करने और उनके माध्यम से देश की सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है।

7. **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए):** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए): आईजीएनसीए की स्थापना एक स्वायत्त न्यास के रूप में 1987 में की गई थी। यह एक ऐसा केन्द्र है जो ऐसे सभी कला रूपों के अध्ययन तथा अनुभव को समाहित करने के लिए स्थापित किया गया है, जो अपनी अलग पहचान होते हुए भी एक-दूसरे से जुड़े हैं। आई जी एन सी ए का प्रयास संसाधन सामग्री के संग्रह तथा कला और मानविकी के क्षेत्र में आधारभूत अनुसंधान के अपने कार्यक्रमों के माध्यम से विज्ञान, भौतिक तथा पदार्थ तत्वमीमांसा, मानव विज्ञान और समाजशास्त्र की शाखाओं में परस्पर संबंधों को सुदृढ़ता प्रदान करना है। केन्द्र के शैक्षिक कार्यक्रम के संचालन तथा प्रशासनिक व्यय को पूरा करने के लिए निधियां, अक्षय (कार्पस) निधि से प्राप्त ब्याज से जुटाई जाती हैं। केन्द्र को परियोजनाओं तथा इसके भवन निर्माण कार्यक्रमों को आरंभ करने के लिए भी निधियां प्रदान की गई हैं। वर्ष 2013-14 से, इस केन्द्र ने राष्ट्रीय श्रव्य-दृश्य सामग्री अभिलेखागार स्कीम का भी कार्यान्वियन शुरू कर दिया है।

8. **राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी):** एनएसडी की स्थापना, प्रशिक्षण प्रदान करने और देश में नाट्य कला का प्रचार करने के लिए 1959 में की गई थी ।

9. **राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए), नई दिल्ली:** 1954 में स्थापित राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए) एक अद्वितीय संस्था है, जो पिछली शताब्दी के दौरान भारत में दृश्य कलाओं में हुए विकास और चित्र संबंधी परिवर्तन को प्रदर्शित करती है। एनजीएमए के मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता में सामान्य रूप से दृश्य और प्लास्टिक कलाओं के प्रति समझ और संवेदनशीलता उत्पन्न करना है और विशेषतया समकालीन भारतीय कला के विकास को बढ़ावा देना है। एनजीएमए मुंबई में जहांगीर पब्लिक हॉल में एक कार्यात्मक शाखा तथा बंगलौर में एक और शाखा संचालित करता है।

10. **एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता:** एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना 1784 में सर विलियम जोंस ने की। यह एक अद्वितीय संस्थान है, जिसने सभी साहित्यिक और वैज्ञानिक कार्यकलापों के मूलस्रोत के रूप में सेवा प्रदान की है। सरकार ने इसे राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित किया है।

11. **सांस्कृतिक स्रोत और प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी):** सी सी आर टी संस्कृति को शिक्षा से जोड़ने के लिए एक स्वायत्त संगठन है। सीसीआरटी सांस्कृतिक विषय-वस्तु के साथ भारतीय शैक्षिक प्रणाली को समृद्ध बनाने के विशिष्ट उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता है।

12. **कला एवं संस्कृति के संवर्धन हेतु वित्तीय सहायता:** इस नए शीर्ष / स्कीम के अधीन छः मौजूदा / नई स्कीमों नामत: नृत्य, नाटक और थियेटर मंडलियों को सहायता, राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव रखने वाले सांस्कृतिक संगठनों को वित्तीय सहायता, जनजातीय/ लोक कलाओं के प्रोन्नयन एवं प्रसार हेतु वित्तीय सहायता, सांस्कृतिक समारोह अनुदान स्कीम, हिमालयी सांस्कृतिक विरासत के परिरक्षण एवं विकास हेतु वित्तीय सहायता और सहायता अनुदान स्कीमों के एमआईएस एवं ऑटोमेशन की स्कीम को विलयित किया गया है।

15.05. **शताब्दी एवं जयंती समारोह स्कीम ::** इस शीर्ष में रविन्द्रनाथ टैगोर का 150वां जयंती समारोह, स्वामी विवेकानंद का 150वां जयंती समारोह, श्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म शताब्दी समारोह, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 का 150वां वर्षगांठ समारोह, मदन मोहन मालवीय, मोतीलाल नेहरू, अमृता शेरगिल की जयंती आदि शताब्दी समारोह एवं जयंती से संबंधित सभी सांस्कृतिक कार्यकलाप शामिल हैं।

16. **भारत मैत्री सोसाइटी के लिए अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यकलाप और अनुदान:** यह स्कीम उन समस्त संगठनों को शामिल करते हुए भारत-विदेश मैत्री सांस्कृतिक सोसाइटियों को सहायता अनुदान प्रदान करने का प्रयास करती है जो मित्रतापूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने तथा संबंधित देश में भारतीय संस्कृति को प्रस्तुत करने के कार्य में सक्रिय रूप से कार्यरत हो।

17. **अमूर्त सांस्कृतिक विरासत स्कीम:** अमूर्त सांस्कृतिक विरासत स्कीम : इस स्कीम के दो घटक हैं :-

नामत : अमूर्त विरासत और सांस्कृतिक विविधता के क्षेत्र में संरक्षण एवं अन्य अग्रसक्रिय उपायों संबंधी स्कीम (यूनेस्को कन्वेंशन से उद्भूत) और (ii) भारत की जीवंत और विविध सांस्कृतिक परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने संबंधी स्कीम। यह स्कीम कुटियट्टम सहित प्राचीन कला एवं संस्कृति के तीन रूपों के अस्तित्व और प्रचार-प्रसार के लिए जरूरी क्षेत्रों पर बल देगी जिनमें प्राचीन संस्कृति रंगमंच, वैदिक मंत्रोच्चारण की वाचिक परम्परा; और रामलीला शामिल हैं।

19. **बौद्ध तिब्बती संस्थानों के लिए वित्तीय सहायता:** बौद्ध / तिब्बती संस्कृति और परम्परा के प्रचार-प्रसार तथा वैज्ञानिक विकास और इससे संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देने के कार्य में लगे बौद्ध मठों सहित स्वैच्छिक बौद्ध / तिब्बती संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

20. **दांडी संबंधी परियोजना समेत राष्ट्रीय गांधी विरासत मिशन:** सरकार ने 12वीं योजना अवधि के दौरान गांधी विरासत स्थल मिशन की स्थापना करने का निर्णय लिया है। इस मिशन का अधिदेश गांधी विरासत स्थल पैनल द्वारा तैयार वृहत सूची के अनुसार गांधी विरासत स्थलों को विकसित किया जाएगा।

21. **कलाकार पेंशन स्कीम:** इस स्कीम के अंतर्गत, संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाले उन कलाकारों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है जिनकी आयु 58 वर्ष अथवा इससे अधिक है जो निर्धन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं।

22. **अध्येतावृत्ति स्कीम:** इस स्कीम में दो घटक अर्थात (i) मंचकला, साहित्य और दृश्य कला के क्षेत्र में कलाकारों को छात्रवृत्ति प्रदान करना और (ii) मंत्रालय की ज्ञान संबंधी संस्थाओं में विद्वानों की नम्य नियुक्ति (टैगोर अध्येतावृत्ति स्कीम) शामिल है। इस स्कीम का उद्देश्य, मंच कला और दृश्य कला के विभिन्न क्षेत्रों में भारत के भीतर उच्च प्रशिक्षण के लिए उत्कृष्ट प्रतिभा वाले युवा कलाकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है और इसमें उत्कृष्ट कलाकारों को अध्येतावृत्ति पुरस्कार भी शामिल है।

23. **अन्य:** अन्य में केंद्रीय तिब्बती अध्ययन विश्वविद्यालय संस्थान, केंद्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, गांधी स्मृति और दर्शन समिति, नव नालंदा महाविहार, मौलाना अबुल कलाम आजाद एशियाई अध्ययन संस्थान, कलाक्षेत्र प्रतिष्ठान ; तथा अध्येतावृत्ति प्रदान करने की स्कीम, कलाकार पेंशन स्कीम, बौद्ध/तिब्बती संस्थाओं के लिए वित्तीय सहायता की स्कीम, राष्ट्रीय स्मारकों का रखरखाव, दांडी से जुड़ी परियोजनाओं सहित राष्ट्रीय गांधी विरासत स्थल मिशन, सांस्कृतिक संगठनों के लिए भवन अनुदान, एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता, तवांग मठ, नामग्याल तकनीकी तिब्बतीशास्त्र अनुसंधान संस्थान और तिब्बत हाउस पर स्कीमें शामिल हैं।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, जलियांवाला बाग स्मारक का विकास, एशियाटिक सोसाइटी, मुंबई, अमूर्त सांस्कृतिक विरासत, मंचकला केंद्रों और अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्रों आदि की स्थापना जैसी स्कीमों को इनके कार्यान्वयन के लिए आरंभ किया जाएगा।

24. **भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ए.एस.आई.):** संस्कृति मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय है। एएसआई भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की स्थापना देश में पुरातत्व-विषयक अवशेषों के सर्वेक्षण और उनके अध्ययन के मूल उद्देश्य से वर्ष 1861 में की गई थी। संस्कृति मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय है। इसके मुख्य कार्य हैं :- विश्व विरासत स्मारकों तथा पुरावशेषों सहित केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों और स्थलों का संरक्षण करना, परिरक्षण और पर्यावरणीय विकास करना, केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों तथा स्थलों के आस-पास बागीचों का रख-रखाव तथा नए बागीचों का विकास करना, प्राचीन स्थलों का अन्वेषण और उत्खनन करना, उत्कीर्णो और भारतीय वास्तुकला के विभिन्न चरणों का विशेष अध्ययन करना, पुरातत्व स्थल संग्रहालयों का अनुरक्षण करना, पुरावशेष तथा बहुमूल्य कलाकृति अधिनियम का प्रचालन तथा पुरातत्व के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान और प्रशिक्षण देना।

25. **भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार:** भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, संस्कृति मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय, है यह भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, भारत सरकार के मंत्रालयों और विभागों से संबंधित स्थायी मूल्य के प्राचीन अभिलेखों का केन्द्रीय संग्रह है। यह प्रख्यात भारतीयों के निजी दस्तावेज तथा विदेश से भारतीय हित के अभिलेखों की माइक्रोफिल्म प्रतियों का अर्जन और परिरक्षण करता है। यह ऐतिहासिक खोज हेतु सुविधाएं प्रदान करता है तथा अभिलेखीय अध्ययन विद्यालय, जो इस क्षेत्र में अनेक पाठ्यक्रम चलाता है, के माध्यम से वैज्ञानिक तरीकों पर देश में अभिलेखीय संवर्धन करता है।

26. **राष्ट्रीय संग्रहालय:** राष्ट्रीय संग्रहालय वर्ष 1949 में स्थापित राष्ट्रीय संग्रहालय, संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक अधीनस्थ कार्यालय है। संग्रहालय के मुख्य कार्यकलापों में शामिल हैं- (i) कला और संस्कृति पर प्रकाशन निकालना; (ii) कला वस्तुओं का अर्जन और संरक्षण; (iii)भारत और विदेश में प्रदर्शनियों का आयोजन; (iv) भारतीय मूर्तिकला की श्रेष्ठ कृतियों के प्रतिरूप तैयार करना (v) दृश्य-श्रव्य और अन्य शैक्षिक कार्यक्रम, जिसमें आऊटरीच कार्यक्रम शामिल है।

27. **राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम):** राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद मुख्यत:, विज्ञान शिक्षकों, छात्रों, युवा उद्यमियों, तकनीशियनों आदि के लिए प्रदर्शनियाँ और सेमिनार आयोजित करके विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने में कार्यरत है। कोलकता, बैंगलोर, मुंबई और दिल्ली में परिषद के राष्ट्रीय स्तर के संग्रहालय/केन्द्र हैं इसके अलावा, कुछ अन्य 26 जगहों पर लघु केन्द्र भी हैं। 26 विज्ञान संग्रहालय में से 6 राष्ट्रीय स्तर के, 11 क्षेत्रीय स्तर के और 9 उप-क्षेत्रीय/जिला स्तर के हैं।

28. **विज्ञान शहर:** विज्ञान और प्रौद्योगिकी का विकास और वैज्ञानिक अभिवृत्ति तथा प्रकृति का विकास करने के विचार से उद्योग, मानव कल्याण और पर्यावरण में उनके अनुप्रयोग को प्रस्तुत करने तथा लोगों में आम जागरूकता उत्पन्न करने, उसका आत्मसात करने और सम्पोषण के लिए विज्ञान शहरों की स्थापना की जा रही है।

29. **भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण:** भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण की स्थापना वर्ष 1945 में की गई थी। यह भारत की जनसंख्या के संबंध में जैव-सांस्कृतिक खोज/अनुसंधान संचालित करता है, भारतीय जनता के बारे में वैज्ञानिक महत्व के दस्तावेजों का संग्रह और परिरक्षण करता है। सर्वेक्षण अपने मानव विज्ञान अनुसंधान के माध्यम से देश की जैविक, सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत के संबंध में योगदान देता है। वर्तमान में, भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण, इस देश में मानव कल्याण के लिए उनका लाभ प्राप्त करने के लिए पूरे विश्व में बुनियादी विकास और तकनीकी न्वोन्मेष से स्वयं को सज्जित करने के लिए पुनर्अनुकूलन की स्थिति में है।

30. **नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय, नई दिल्ली:** यह संग्रहालय पुस्तकों, समाचार-पत्रों, अप्रकाशित संदर्भों, निजी दस्तावजों, फोटोग्राफों, फिल्म दृश्यों के संग्रह और पंडित जवाहर लाल नेहरू से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेजों के अनुवाद कार्य के लिए उत्तरदायी है। यह आधुनिक भारत के राष्ट्रीय नेताओं के दस्तावेजों के परिरक्षण कार्य के लिए भी उत्तरदायी है। इसकी समग्र निधि से एनएमएमएल द्वारा बड़े पैमाने पर विकास-कार्य शुरू करने के लिए प्रस्ताव किया गया है जिसे एनएमएमएल को वर्ष 2013-14 के दौरान प्रदान किया गया था।

31. **भारतीय संग्रहालय:** भारतीय संग्रहालय, संस्कृति मंत्रालय का एक स्वायत्त संगठन होने के साथ-साथ दीर्घाओं के पुनर्गठन और जीर्णोद्धार तथा नृजातीय नमूने और तकनीकी- सामाजिक एवं आर्थिक सांस्कृतिक डाटा प्राप्त करने का कार्य भी कर रहा है। इसके अंदर बहुमूल्य कलावस्तुओं और मूर्ति के प्राचीन संग्रह की बहुत बड़ी संख्या मौजूद है। भारतीय संग्रहालय के आधुनिकीकरण का कार्य 2013-14 में द्वि-शताब्दी–समारोह के अवसर पर प्रारंभ किया जाएगा।

32. **सालारजंग संग्रहालय:** सालार जंग संग्रहालय, संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। यह ऐतिहासिक महत्व की कलावस्तुओं के संरक्षण, परिरक्षण तथा अर्जन के कार्य में लगा हुआ है। यह संग्रहालय विद्यार्थियों, युवाओं तथा आम लोगों के लिए शैक्षिक कार्यकलापों जैसे प्रदर्शनियों, लोकप्रिय व्याख्यानों, वीथि चर्चाओं, सेमिनारों आदि को आयोजित करता है।

33. **इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय (आईजीआरएमएस), भोपाल:** आईजीआरएमएस, संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। आईजीआरएमएस की एक विकासशील आन्दोलन ने रूप में परिकल्पना की गई है, जिसका उद्देश्य भारत के विशेष संदर्भ में मानव के जैव एवं सांस्कृतिक विकास को दर्शाते हुए काल और स्थान में मानव जाति के इतिहास को चित्रित करना तथा देश के जीवन्त संग्रहालय को उसकी संस्कृतियों के विविध रूप तथा सामुदायिक ज्ञान प्रणालियों को पुन: अनुप्राणित करना है। इसे सामान्य मानव विज्ञान के इर्द- गिर्द इसके सांस्कृतिक विषय के रूप में विकसित किया जा रहा है और इसका प्रयास (1) गहन वीथियों वाले इन्डोर संग्रहालय, और (2) मुक्ताकाश प्रदर्शनी वाले बाह्य (आउटडोर) परिसर स्थापित करके अपना लक्ष्य प्राप्त करना है। ।

34. **विक्टोरिया मेमोरियल हॉल:** यह कोलकाता के विक्टोरिया मेमोरियल हॉल (वीएमएच), के लिए प्रावधान करता है जो एक स्वायत्तशासी संगठन है तथा स्वतंत्रता संग्राम के कला इतिहास को दर्शाने वाली कालावधि से सम्बंधित समकालीन कला का एक निधान है।

35. **संग्रहालय स्कीम:** इस स्कीम के दो घटक हैं नामत : (i) क्षेत्रीय एवं स्थानीय संग्रहालयों के संवर्धन और सुदृढ़ीकरण हेतु स्कीम तथा (ii) महानगरों में संग्रहालयों के आधुनिकीकरण हेतु स्कीम। नए संग्रहालयों की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में संग्रहालय अभियान को सुदृढ़ बनाना तथा क्षेत्रीय, राज्य, स्थानीय/ महानगर स्तरों पर मौजूदा संग्रहालय के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण को प्रोत्साहित करना इस स्कीम का मुख्य उद्देश्य है।

36. **अन्य कार्यक्रम ::** सांस्कृतिक सम्पदा के संरक्षण के तरीकों में अनुसंधान करने, संग्रहालयों, पुरातात्विक विभागों और अन्यों को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए वर्ष 1976 में राष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्पदा संरक्षण अनुसंधान प्रयोगशाला, जो एक अधीनस्थ कार्यालय है, की स्थापना की गई थी। इन दोनों के अतिरिक्त, अन्य संस्थाओं/स्कीमों में इलाहाबाद संग्रहालय, राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान, वृन्दावन अनुसंधान संस्थान और संग्रहालय स्कीम जैसे अन्य संस्थानों / स्कीमों को इस शीर्ष में शामिल कर लिया गया है। 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, पांच नई स्कीमों को आरंभ किया गया है, जिनमें (i) संग्रहालय से संबंधित विषयों के लिए संग्रहालय–संग्रह और अकादमिक सुविधाओं का डिजिटीकरण; (ii) संग्रहालय व्यावसायिकों के लिए क्षमता-निर्माण और प्रशिक्षण स्कीम; (iii) राष्ट्रीय विरासत स्थल आयोग; (iv) राष्ट्रीय संग्रहालय प्राधिकरण को वित्तीय सहायता और ; (v) केंद्रीय संस्कृति विश्वविद्यालय की स्थापना सम्मलित हैं।

37. **राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता:** यह ऐसी सभी पठनीय और सूचनाप्रद सामग्रियों के एक प्रमुख निक्षेपागार के रूप में कार्य करता है, जो भारत में तथा भारत के संबंध में विदेशों में तैयार की गई। इसके पास फारसी, संस्कृत, अरबी और तमिल पांडुलिपियों तथा दुर्लभ पुस्तकों का भी एक समृद्ध संग्रह है। यह पुस्तक एवं समाचार-पत्र (सार्वजनिक पुस्तकालय) वितरण अधिनियम, 1954 के अंतर्गत आदाता पुस्तकालय है तथा दक्षिण एशिया का निधान पुस्तकालय है।

38. **दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी (डीपीएल):** 1951 में स्थापित यह पुस्तकालय, दिल्ली के नागरिकों को नि:शुल्क पुस्तकालय सेवाएँ उपलब्ध कराता आ रहा है। यह पुस्तक एवं समाचार-पत्र (सार्वजनिक पुस्तकालय)वितरण अधिनियम, 1954 के अंतर्गत एक आदाता पुस्तकालय है।

39. **राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, कोलकाता:** 1972 में स्थापित इस प्रतिष्ठान का उद्देश्य पर्याप्त पुस्तकालय सेवाएँ प्रदान कर तथा देश में पढ़ने की आदत का विकास कर पूरे देश में सार्वजनिक पुस्तकालय आंदोलन का संवर्धन और सहायता करना है।

40. **राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन:** राष्ट्रीय ज्ञान आयोग (एनकेसी) ने अपनी रिपोर्ट में राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) की स्थापना करने की सिफारिश की थी जिसे बाद में परिवर्तित करके एक स्थायी राष्ट्रीय पुस्तकालय आयोग (एनएमएल) का रूप दे दिया गया, जो कि देश में विश्व स्तरीय पुस्तकालयों व सूचना क्षेत्र के विकास का जायजा लेने के लिए एक शीर्ष निकाय है।

41. **अन्य पुस्तकालय:** इनमें, केन्द्रीय सन्दर्भ पुस्तकालय, कोलकाता; केन्द्रीय पुस्तकालय, मुम्बई; पटना स्थित खुदा बख्श ओरिएन्टल सार्वजनिक पुस्तकालय, जो लगभग 100 वर्ष पुराना है तथा जिसमें पुरानी और दुर्लभ पुस्तकों और पाण्डुलिपियों का एक समृद्ध संग्रह है ; रामपुर रजा पुस्तकालय, तंजावुर महाराजा सरफोजी का सरस्वती महल पुस्तकालय, तंजावुर ; तथा कोन्नेमेरा पुस्तकालय, चेन्नई आदि शामिल हैं।

42. **पूर्वोत्तर क्षेत्रों और सिक्किम की परियोजनाओं/स्कीमों के लिए प्रावधान:** पूर्वोत्तर क्षेत्रों और सिक्किम हेतु विभिन्न संगठनों/स्कीमों द्वारा परियोजनाओं/स्कीम के कार्यान्वयन के लिए प्रावधान का उपयोग किया गया है।

43. **भवन परियोजनाएं:** मंत्रालय के संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों की भवन परियोजनाओं के लिए प्रावधान किया गया है।